


## एक नजर में

### जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ मारपीट



घट्टिया । जनपद पंचायत घट्टिया के अध्यक्ष प्रतिनिधि ईश्वरसिंह कराड़ा पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम से घर जाते समय अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार कराडा शुक्रवार को कार्यक्रम में भाग लेकर घट्टिया से अपने घर जा रहे थे तभी इन्डियन ऑइल गैस प्लांट के समीप अज्ञात लोगों ने रोंग साइड से आकर उनकी गाड़ी से गाड़ी भिडाकर लाठियों से हमला कर दिया । हमले में कराडा गम्भीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी करण खोवाल सहित पुलिस मोके पर पहुची । थाना प्रभारी खोवाल ने एम्बुलेंस का इंतजार ना करते हुवे तत्काल खुद के शासकीय वाहन से तत्काल उज्जैन चिकित्सालय पहुंचाया जहां उपचार जारी है ।

### अभाविप ने किया झंडा वंदन




घट्टिया । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया । अभाविप कार्यकर्ताओं ने झंडा वंदन कर मां भारती की आरती उतारी । विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री यश कछावा ने कहा कि आजादी से 79 साल बाद भी कुछ लोग धर्म और जाती के नाम पर गलत विचार रखते है, जो गलत है । धर्म और देश की रक्षा करना हर देशवासी का कर्तव्य है । संविधान में अधिकार के साथ हमें अपने मौलिक कर्तव्यों को भी भूलना नहीं चाहिए । कार्यक्रम में पवन राठौर, लाखन राठौर, प्रदीप पाटीदार, कुंदन सिंह, प्रेम डाबी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### कृषि विस्तार अधिकारी द्व पटेल जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित हुए



बड़नगर. । जिला स्तर पर आयोजित 79 वें स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपार जनसमूह के बीच कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के हाथों खेती किसानी विभाग के के कृषि विस्तार अधिकारी चेतन पटेल सम्मानित किये गये। चेतन पटेल द्वारा कृषि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान जैसे प्राकृतिक खेती का क्षेत्र बढ़ाना, ब्रॉडबैंड पद्धति से किसानों के यहां फसलों का बुआई कर किसानों को अधिक लाभ दिलाना, जैविक एवं परम्परागत उर्वरकों का नई तकनीक से उत्पादन कर किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही कृषि में नवीनतम तकनीक का प्रचार-प्रसार कर क्षेत्र के किसानों को जागरूक करने का कार्य किया। पटेल के पुरस्कृत होने पर कृषि विभाग के कर्मचारियों सहित क्षेत्र के किसानों ने बधाई प्रेषित की। जानकारी जितेंद्र कुमार सोलंकी कृषि विकास अधिकारी ने दी।

### वंदे मातरम ग्रुप के द्वारा निकाली तिरँगा यात्रा



खाचरौद। स्वंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वन्देमातरम ग्रुप द्वारा तिरँगा यात्रा निकाली गई जिसमें नगर एवं ग्रामीण से सेकड़ो की सख्या में युवा वर्ग एवं नगर के सामाजिक राजनीतिक वर्ग के लोगो ने भी बड़ी सख्या में तिरँगा यात्रा में हिस्सा लिया तिरँगा यात्रा नए बस स्टैंड से प्रारम्भ हुई जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई स्टेशन रोड़ पर समाप्त हुई जहाँ पर डा भीमराव अंबडेकर की माल्यार्पण किया गया आभार यात्रा संयोजक भरत कांकर ने माना।

### भाजपा कार्यालय पर विधायक ने किया झंडा वंदन, गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण



घट्टिया । स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा कार्यालय पर झंडा वंदन कार्यक्रम किया । विधायक सतीश मालवीय ने झंडा वंदन किया । झंडा वंदन पश्चात गाँधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत सिंह उमठ, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ईश्वर सिंह कराड़ा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पंवार, डॉ भगवान सिंह पंवार, यशोदा बैरागी, देवेंद्र आंजना, अब्दुल वहाब खान, सरपंच यशवंत मालवीय, डूंगर सिंह सिसोदिया, लोकेंद्र सिंह राणा, बालू सिंह पंवार सहित भाजपा कार्यकता उपस्थित थे ।

### विधायक ने किया झंडा वंदन

घट्टिया । आजादी के अमृत महोत्सव 79वे स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को मुख्य समारोह कार्यक्रम ग्राम पंचायत प्रांगण में आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि विधायक सतीश मालवीय ने झंडा वंदन किया । अतिथि स्वागत सरपंच यशवंत मालवीय, उपसरपंच विजय सिंह पंवार,, सचिव अमर सिंह राठौर, सहायक सचिव मनोज मकवाना ने किया । स्कूलो से प्रभात फेरियां गाव में निकलकर मुख्य समारोह स्थल पहुची जहा बच्चों ने देश भावना सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । ऑपरेशन सिंदूर व नारी शक्ति पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा । प्रथम पुरुस्कार शौर्य गुरुकुल एकेडमी, द्वितीय पुरुस्कार शासकीय मॉडल स्कूल, तृतीय पुरुस्कार सीएम राईज विद्यालय को मिला ।

### ब्लाक एवं शहर कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

माकडोन । स्वतंत्रता दिवस स्थानीय पुराना बस स्टैंड परिसर में ब्लाक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने स्वतंत्रता समारोह मनाया । इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निहाल सिंह गुर्जर ने ध्वजारोहण किया कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय शर्मा ने की इस दौरान पुर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश मालवीय, नेता प्रतिपक्ष कमल जाल, पुर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश पाटीदार, पुर्व जनपद सदस्य रामचंद्र चौधरी, मनीष शर्मा, विनोद सिसोदिया, संदीप देवड़ा, भगवान सिंह गुर्जर, गौरव सोलंकी, मांगीलाल गामी, मुकेश जाल,जान मोहम्मद मंसूरी, संजय सोनी, आत्माराम देवल, शिवपाल सिंह,राजु गैस,जाकीर भाई,राकेश जाल,तुफान गेहलोत, रामप्रसाद मेवाड़ा, कुलदीप धाकड़, हैदर मंसूरी ,शकिल गोरी, अर्जुन चौहान, अर्जुन एरवाल, सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे । प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के सन्देश का वाचन संदीप देवड़ा ने कीया आभार गौरव सोलंकी ने माना । इस के अलावा नवीन बस स्टैंड परिसर में भी स्वतंत्रता दिवस उल्लास पूर्वक मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल जाल ने की इस अवसर पर मुकेश जाल,सहीत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । उक्त जानकारी राकेश जाल ने दी ।

# छोटी-छोटी गईया छोटे-छोटे ग्वाल, महाकाल की नगरी में गूंजा जय गोपाल

## जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री पहुंचे उज्जैन

नवभारत न्यूज़

उज्जैन. नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, महाकाल की नगरी उज्जैन में शनिवार को कान्हा जी के जब जयकारे लगे तो पूरा वातावरण भक्ति में हो गया, खास बात यह रही कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शहर पहुंचे और भगवान श्री कृष्ण के सभी मंदिरों में दर्शन किए. भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर उज्जैन शहर भक्तिमय हो उठा. जगह-जगह मटकी फोड़ के आयोजन हुए, मंदिरों में देर रात तक भजन-कीर्तन गूंजते रहे और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. इस पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उज्जैन पहुंचे और विभिन्न मंदिरों में भगवान के दर्शन कर जनता को शुभकामनाएं दीं.





### रात्रि विश्राम उज्जैन में किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में रात्रि विश्राम भी किया. रविवार को वे उज्जैन के कुछ स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे, और फिर गंतव्य के लिए रवाना होंगे.

### सीएम का उज्जैन प्रवास और मंदिर दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार रात उज्जैन पहुंचे। उन्होंने रात में शहर के प्रमुख मंदिर, सांदीपनि आश्रम, गोपाल मंदिर, मित्र वृंदा धाम व इस्कॉन मंदिर में जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की और आरती में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने भक्तों के बीच जाकर उनसे भेंट की और जन्माष्टमी की बधाई दी.

### मटकी फोड़ कार्यक्रम में पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री ने देर रात गोपाल मंदिर और सांदीपनि आश्रम में हुए विशेष जन्माष्टमी कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया. वहीं, उन्होंने शहरवासियों के साथ दौलतगंज और फ्रीगंज क्षेत्र में मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल होकर युवाओं को खेल और भक्ति का संदेश दिया.

### महाकाल मंदिर में भी विशेष आयोजन

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में भी जन्माष्टमी पर्व पूरे विधि-विधान से मनाया गया. संध्या आरती के बाद लड्डू गोपाल का पंचामृत से पूजन-अभिषेक किया गया.

### नैवेद्य कक्ष में भगवान को विशेष भोग अर्पित किया

मंदिर परिसर स्थित श्री साक्षी गोपाल मंदिर में भी भगवान का श्रृंगार कर सुबह से पूजा हुई और देर रात आरती संपन्न हुई. श्रावण मास में पहले से ही भीड़ उमड़ने के बाद जन्माष्टमी पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने रातभर भक्ति रस में डूबकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया.

### शहर में उत्सव का माहौल

शहर के कई हिस्सों में भजन संध्याएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियां निकाली गईं. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उल्लास में सराबोर नजर आया. मंदिरों में आकर्षक विद्युत सज्जा और झूलों पर विराजमान लड्डू गोपाल के दर्शन करने भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं.

### जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री का संदेश

**मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-**

भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म की रक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. जन्माष्टमी का पर्व समाज में सद्भाव, सहयोग और भाईचारे का संदेश लेकर आता है. उन्होंने युवाओं से ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने और समाज में एकता बनाए रखने की अपील की.



## लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की 79वी वर्षगांठ मनाई गई

नागदा. लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नागदा में शुक्रवार को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ उल्लासपूर्ण मनाई। उद्योग के यूनिट मैनुफैक्चरिंग हेड सुनील कुमार गुलाटी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज आरोहण ध्वज को सलामी दी। उद्योग के वरिष्ठ अधिकारी, स्टाफ कर्मी व कर्मचारी गण ने एक साथ राष्ट्र गान किया। यूनिट मैनुफैक्चरिंग हेड सुनील कुमार गुलाटी ने स्वतंत्रता के अमर सेनानियों की देश की रक्षा के लिए शहादत को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जन समुदाय को संबोधित किया। सभी ने परस्पर स्वतंत्रता दिवस की बधाई प्रेषित की ।

## शहीद पार्क पर पत्रकारों की उपस्थिति में एसडीएम साहू ने किया ध्वजारोहण

**खाचरोद। प्रेस क्लब खाचरोद द्वारा शहीद पार्क स्टेशन रोड़ पर पत्रकार साथियों की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।**



उक्त जानकारी प्रेस क्लब सचिव नागेश्वर बैरागी ने देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार प्रेस क्लब द्वारा गोरवशाली रूप से वर्षो से निरंतर शहीदों की स्मृति में बने शहीद पार्क पर नगर के पत्रकारों द्वारा ध्वजारोहण कर पुषपांजलि अर्पित की जाती है।

आज स्वतंत्रता दिवस पर प्रेस क्लब के पत्रकार साथी भूपेंद्र उपाध्याय, जगदीश मंडावलिया, नीतीश सिसोदिया, सहित प्रिंट व इलेक्ट्रानिक के मीडियाकर्मी व सामाजिक कार्यकर्ता जगदीशचन्द्र प्रजापति उपस्थित थे।

प्रेस क्लब द्वारा एस डी एम नेहा साहु व तहसीलदार अनिल मोरे के साथ ही देश की सीमाओ की रक्षा कर लौटे पूर्व सैनिक शांतिलाल अटोलिया व नरेंद्रसिह पंवार का भी सम्मान किया गया।

उक्त अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल छाजेड़, भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया, विनोद चतुर्वेदी ,नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद नारायण मंडावलिया, राजेंद्र धाकड़, भाजपा नेता विनोद चतुर्वेदी, अभिभाषक संघ पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चोरड़िया सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रेस क्लब द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों का भी सम्मान किया गया।



## माकड़ोन में 79वां स्वतंत्रता दिवस मंडी चौराहा पर मनाया

**माकड़ोंन 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडी चौराहा मुख्य मार्ग माकड़ौन नगर में भारतीय जनता पार्टी मंडल माकड़ौन के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी सम्माननीय कैलाश जी कारपेंटर ने झंडा वंदन किया ।**

।मंडल अध्यक्ष विशाल पांडे नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि गोकुल मालवीय उपाध्यक्ष करण सिंह गुर्जर पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक गामी वरिष्ठ नेता संजय जैन महामंत्री अरुण गामी सांसद प्रतिनिधि दिलीप गामी पत्रकार श्याम कारपेंटर जनपद सदस्य राजेंद्र सिंह जी महिला मोर्चा अध्यक्ष सरिता पाटीदार धर्मेंद्र जी पूर्व पार्षद मालेक सिंह पार्षदगण हुकम गामी विकास पटेल अर्जुन धाकड़ यश सिसोदिया सिंगाराम जाटव रतन डाबी अनिल प्रजापति भेरूलाल भाटी साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी भोले होकम गामी विनय सरिया चंकी पाटीदार कांजी सब्जी महेश एरवल विशाल राठौड़ करण बंजारा समस्त वरिष्ठ एवं युवा साथियों उपस्थित रहे समस्त कार्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में झंडा वंदन कार्यक्रम में सहभागिता की

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं बधाई दी और नारे लगाए भारत माता की जय वरिष्ठ नेता कारपेंटर जी ने नगर वासियों को संबोधित किया

## हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**महिदपुर। सेंट जोसफ कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिदपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।**

विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, प्राचार्य सोबी थॉमस सर एवं उप प्राचार्य अनीश थॉमस के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कक्षा दसवीं की छात्रा समृद्धि सोनगरा ने येलो हाउस की ओर से स्वागत भाषण प्रस्तुत किया.


विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

अपने उद्बोधन द्वारा छात्रों को मिलजुल कर रहने एवं सहयोग भाव रखकर सभी की प्रगति में सहायक बनने की प्रेरणा दी । इसके पश्चात फैंसी ड्रेस एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर ने सभी छात्रों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उप प्राचार्य अनीश थॉमस सर ने प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा के साथ प्रतिभागियो को शुभकामनाएं दी । मिष्ठान वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

**जन्माष्टमी** | स्थानीय शांति वाटिका से निकले भव्य चल समारोह में अश्व पर सवार होकर युवक धर्म पताका फहरा रहे थे

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव उत्थान समिति ने निकाला भव्य चल समारोह

बड़नगर. श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव उत्थान समिति मालवांचल के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकल गई साथ ही समाज को डेढ़ बीघा जमीन उज्जैन में दान देने वाले रणछोड़ लाल यादव सदावल का स्वागत समारोह पूर्वक पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, समाज अध्यक्ष मथुरालाल झड़ सचिव ओम प्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत मुकाती, महिला अध्यक्ष सरिता यादव, युवा अध्यक्ष सचिन यादव समाज , पूर्व अध्यक्ष प्रकाश भाकर, पूनम चंद यादव, डॉ नागेश्वर यादव , रामेश्वर यादव बाबा रामचंद्र यादव , अशोक यादव गिरिराज यादव की उपस्थिति में किया गया।



इस अवसर पर स्थानीय शांति वाटिका से निकले भव्य चल समारोह में अश्व पर सवार होकर युवक धर्म पताका फहरा रहे थे । चल समारोह में बैंड व ढोल की थाप पर कृष्ण भक्त थिरकते हुए महोत्सव को भव्य स्वरूप दे रहे थे वहीं नंद के वेश धारण कर सुसज्जित टोकरी में भगवान श्रीकृष्ण को सिर पर धारण का दृश्य अत्यंत ही मनमोहक रहा । चल समारोह में एक भव्य झांकी में साँवरिया सेठ को विराजमान कर रखा था । भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली जिसका स्वागत विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुष्प पंखुड़ी उड़ाकर किया गया । चल समारोह विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः शांति वाटिका पहुंच कर संपन्न हुआ । संचालन जयप्रकाश यादव ने किया। आभार अशोक धबाई ने माना।

